Rajathan Police

–:प्रेस नोट:–

दिनांक 26.03.2023
पुलिस थाना लूणी,
जोधपुर कमिश्नरेट

- **259.400 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त मय कार जब्त**
- **एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज**

श्रीमान महानिदेशक पुलिस राजस्थान जयपुर द्वारा राज्य स्तर पर मादक पदार्थो की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय जोधपुर कमिश्नरेट श्री रविदत गौड व श्रीमान पुलिस उपायुक्त पश्चिम श्री गौरव यादव के निर्देशन व सहायक पुलिस आयुक्त बोरानाडा श्री जयप्रकाश अटल् आर.पी.एस के निकट सुपरविजन में मन् थानाधिकारी ईश्वरचन्द्र पारीक नि.पु. मय टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए 259.400 किलोग्राम डोडा पोस्त मय वाहन मारूती एक्सएल6 को बरामद किया।

प्रकरण का विवरण:– कल दिनांक 25–26.03.2023 की रात्रि में एक एक मारूती जेटा कार की चोरी की ईतला जरिये टेलिफोन प्राप्त हुई जिसकी लॉकेशन फींच के आस पास होना बताई। जिस पर बताई गयी लॉकेशन के पास पुलिस जाब्ता तत्काल पहूंचा तो पुलिस जाब्ते को दूर से देखकर आरोपीगण उक्त वाहन को अत्यन्त तेजगति से भगाकर ले गये, जिसका पीछा किया गया व नाकाबंदी करवायी गयी। कुछ समय बाद उक्त वाहन अत्यन्त तेज गति में होने से ओझल हो गया तथा बाद में उक्त वाहन रोहिचा कलां के पास आये लाम्बडा नाडा के आस पास वाहन होने की पुनः ईतला मिली। जिस पर रात्रि के अंधेरे में उक्त क्षेत्र की सघन तलाशी करवायी गयी तो लाम्बडा नाडा के पास कच्चे रास्ते पर वाहन खडा दिखायी दिया, जिसके पास जाकर देखा तो उक्त वाहन में अवैध डोडा पोस्त से भरे कटटो से भरी पायी। जिस पर नियमानुसार मौके की कार्यवाही कर कुल माल 259.400 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त तथा उक्त वाहन जब्त कर थाने पर एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। प्रकरण का अनुसंधान श्री किशनलाल नि.पु थानाधिकारी पुलिस थाना बोरानाडा द्वारा किया जा रहा हैं।

पुलिस टीम:–

1. ईश्वरचन्द्र पारीक नि.पु. थानाधिकारी, पुलिस थाना लूणी।
2. श्री राणाराम सउनि. पुलिस थाना लूणी
3. श्री शैतानाराम हैकानि. 487 पुलिस थाना लूणी,
4. श्री गजेन्द्र कानि 1984 पुलिस थाना लूणी
5. श्री नरपतराम कानि. 2554 पुलिस थाना लूणी,
6. श्री मदनलाल कानि 403 पुलिस थाना लूणी
7. श्री कमलेश कानि 684 पुलिस थाना लूणी
8. श्री अतुलकुमार कानि. 3055 पुलिस थाना लूणी,
9. श्री रमेश कानि 776 पुलिस थाना लूणी
10. श्री किरोडीलाल कानि 1987 पुलिस थाना लूणी
11. श्री दिनेश कानि 2138 पुलिस थाना लूणी

सहयोग:–

1. श्रीमती परमेश्वरी उनि. थानाधिकारी, पुलिस थाना झंवर
2. श्री ओपाराम सउनि पुलिस थाना झंवर
3. श्री दलाराम कानि 481 पुलिस थाना झंवर
4. श्री अशोक कानि 2412 पुलिस थाना झंवर
5. श्री श्यामलाल कानि 2444 पुलिस थाना झंवर
6. श्री पांचाराम कानि 1361 पुलिस थाना झंवर

थानाधिकारी,
पुलिस थाना लूणी,
जोधपुर कमिश्नरेट।